**Title:** Need to include 'Meena' caste of U.P. in the list of Scheduled Tribe.

श्री अशोक प्रधान (खुर्जा) : अध्यश्र महोदय, मैं नियम ३७७ के माध्यम से आपके द्वारा सदन और सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि 'मीना' जाति को राजस्थान में अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित किया गया है, किन्तु उ.प्र. में इस जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल नहीं किया गया है। जबकि राजस्थान और उ.प्र. में रहने वाले 'मीना' जाति के लोगों की आपस में रिश्तेदारी है, किन्तु यह बड़े खेद की बात है कि अभी तक उ.प्र. में रहने वाले इस समाज के लोगों को अनुसूचित जन जाति की सूची में सामिल नहीं किया गया है, जिस कारण उ.प्र. में रहने वाले 'मीना' जाति के लोग आरक्षण का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं और वहीं उ.प्र. के पड़ोसी राज्य राजस्थान में 'मीना' जाति के लोग आरक्षण का लाभ उठा रहे हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि 'मीना' जाति को उ.प्र. में भी अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किए जाने हेतु निर्देश देने का कष्ट करें।